# यूपी : कृषि को बनाया जाएगा पर्यटन आकर्षण का केंद्र

लखनऊ। पर्यटन निदेशालय ने राज्य में पहली बार फार्म स्टे आवास विकसित व चलाने के लिए निवेशकों से प्रस्ताव मांगे हैं। इसके जरिये राज्य को कृषि पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाया जाएगा। वहीं, पर्यटकों को खेतीबाड़ी, ग्रामीण संस्कृति और गांवों में आतिथ्य सत्कार का विशेष अनुभव मिलेगा।

## पर्यटन विभाग ने शुरू की फार्म स्टे निवेश की पहल

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इससे पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। योजना के तहत फार्म स्टे ऐसा पर्यटक आवास है जो खेत या उसके निकट बनाया जाएगा। यह आवास मालिक के घर से अलग होगा। इसमें न्यूनतम दो कमरे पर देने योग्य और एक रिसेप्शन अनिवार्य रूप से होगा। पर्यटकों को हर फार्म स्टे में ग्रामीण जीवन का अनुभव देने के लिए कृषि कार्य, बागवानी, मत्स्यपालन, डेयरी फार्मिंग, पशुपालन, फार्म टूर या अन्य स्वीकृत ग्रामीण गतिविधि कराना अनिवार्य होगा। ब्यूरो



**दिया जाएगा प्रोत्साहन पैकेज...** योजना के तहत प्रोत्साहन पैकेज का प्रावधान है। पूंजी निवेश पर सब्सिडी दी जाएगी। 10 लाख से 10 करोड़ के बीच 25% (अधिकतम 2 करोड़), 50 करोड़ तक 20% (अधिकतम 7.5 करोड़), 200 करोड़ तक 15% (अधिकतम 20 करोड़), 500 करोड़ तक 10% (अधिकतम 25 करोड़) और 500 करोड़ से अधिक पर 10% (अधिकतम 40 करोड़ रुपये) सब्सिडी दी जाएगी।